**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक मान्यवर, राष्ट्रीय सहारा, हिन्दुस्तान, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़, जागरूक एक्सप्रेस, भारत एकता टाइम्स, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 11.01.2025

### वीडीए ने ध्वस्त कराई 10 बीघे की अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से शुक्रवार को 10 बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार नगवा वार्ड के रोहनिया के कुरहुआ में मनोज सिंह की ओर से बगैर नक्शा पास कराए 10 बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। इसे प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

### शमन शुल्क जमा न करने वालों पर करें कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए में शुक्रवार को वीडीए अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा की। इस दौरान पता चला कि शिवपुर और सिकरौल में अब तक 7.36 करोड़ रुपये जमा कराए गए। इसी प्रकार सारनाथ, जैतपुरा और आदमपुरा में 6.63 करोड़ रुपये जमा कराए गए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्रवाई करें। ब्यूरो

### कंदवा से कंचनपुर पोखरा तक हटवाए कीचड़

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बीएचयू आईआईटी के सहयोग से असि नदी का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इसके मरम्मत कार्य को गति दी जा रही है। इसके तहत शुक्रवार को कंदवा पोखरा से कंचनपुर पोखरा तक डीसिल्टिंग (कीचड़ हटाने) का कार्य कराया गया। यह कार्य नगर निगम, स्थानीय निवासियों के सहयोग से हुआ। डीसिल्टिंग कार्य के तहत नदी के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया गया। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 11.01.2025

### स्वच्छ होगा उंदी ताल, आसपास होगा सुंदरीकरण
### स्थानीय नागरिकों की होगी सहभागिता

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से शुक्रवार को वीडीए सभागार में उंदी ताल के पुनरुद्धार पर चर्चा की गई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि उंदी ताल को स्वच्छ और उसके वातावरण को सुंदर एवं हरा-भरा बनाया जाएगा। उंदी ताल के पुनरुद्धार से न केवल क्षेत्रीय पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह आसपास के नागरिकों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। जल्द ही योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तकनीकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ताल के रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुति में तालाब की सफाई, जल स्तर को बनाए रखने, आसपास के सुंदरीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे गए। बैठक में तय किया गया कि उंदी ताल के पुनरुद्धार में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग करते हुए ताल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 11.01.2025

### गैबीनाथ कुंड के जीर्णोद्धार को रखी नींव

वाराणसी : बड़ी गैबी में बाबा बड़े गैबीनाथ की तपोस्थली परिसर स्थित ऐतिहासिक कुंड के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण परियोजना का शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। विकास प्राधिकरण द्वारा 51.66 लाख रुपये की लागत से कुंड के जीर्णोद्धार और सफाई का शिलान्यास वीडीए के सदस्य अंबरीष सिंह भोला ने किया। यह कुंड बड़ी गैबी स्थित बाबा बड़े गैबीनाथ की तपोस्थली के परिसर में स्थित है। बड़ी गैबीनाथ सेवा समिति के महामंत्री अशोक कुमार सेठ ने बताया कि इस कार्य के पूर्ण होने के बाद कुंड का पानी फिर पीने लायक बन सकता है। इस मौके पर शरद पांडेय मुन्ना, अनुराग शर्मा, जगन्नाथ ओझा, भरत जायसवाल, अशोक मिश्रा, अनीशा शाही आदि रहे।

## दैनिक मान्यवर–दि0 11.01.2025

### असि नदी से कीचड़ हटाने का काम शुरू

वाराणसी। असि वर्तमान में जीवित नदी है और जलग्रहण क्षेत्र में वनस्पति एवं जीव जंतु से समृद्ध विकसित बायोडायवर्सिटी विद्यमान है।आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने असि नदी पर अध्ययन के बाद वीडीए अधिकारियों के साथ बैठक में रखा। वीडीए मुख्यालय में बैठक के दौरान असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्राइंग्र, डिजाइन और डीपीआर की तैयारी की प्रगति पर चर्चा हुई और इस पर कार्य भी शुरू हो गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा क्क्ळ्इल्व के सहयोग से शुक्रवार को कंदवा पोखरा से कंचनपुरा पोखरा तक डीसिल्टिंग (कीचड़ हटाने) का कार्य किया गया। इस दौरान वाराणसी नगर निगम और स्थानीय निवासियों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। डीसिल्टिंग कार्य के तहत नदी के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया गया, जिससे जल निकासी की प्रक्रिया बेहतर होगी और नदी की प्राकृतिक धारा को पुनर्जीवित किया जाएगा।

हिन्दुस्तान–दि0 11.01.2025

## बड़े गैबीनाथ कुंड का जीर्णोद्धार होगा

वाराणसी। बाबा बड़े गैबीनाथ की तपोस्थली स्थित कुंड के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का शुक्रवार को शिलान्यास किया गया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने 51.66 लाख की लागत से कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान वीडीए बोर्ड के सदस्य अम्बरीश सिंह भोला, पार्षद शरद पाण्डेय, एक्सईएन अरविन्द शर्मा, एई सत्यप्रकाश वर्मा आदि रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 11.01.2025

## ऊंदी ताल के पास पार्क का प्रस्ताव

वाराणसी। ऊंदी ताल के पुनरुद्धार के संबंध में शुक्रवार को वीडीए मुख्यालय में बैठक हुई। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अध्यक्षता की। बैठक में संबंधित एजेंसी ने प्रोजेक्ट की कार्ययोजना रखी। इसके अनुसार ऊंदी ताल के आसपास बायोडायवर्सिटी पार्क, साइकिल और जॉगिंग ट्रैक, योग केंद्र, बटरफ्लाई गार्डन आदि प्रस्तावित किया गया है। करीब 27 एकड़ में फैले ताल और पार्क में लोग नौकायन भी कर सकेंगे। बैठक में नगर नियोजक प्रभात कुमार भी रहे।

## हिन्दुस्तान–दि0 11.01.2025

### जेसीबी से असि के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया

**वाराणसी।** असि नदी के पुनरुद्धार के कार्य का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया। वीडीए की टीम ने कंदवा पोखरा, कंचनपुर पोखरा से सिल्ट निकालने का काम शुरू किया। आईआईटी बीएचयू और वीडीए के सहयोग से नदी के पुनरुद्धार का प्रोजेक्ट बनाया गया है। जेसीबी से असि नदी के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया गया। इसका उद्देश्य जल निकासी की प्रक्रिया बेहतर करना और नदी की धारा को पुनर्जीवित करना है। आईआईटी बीएचयू की टीम ने सर्वे किया है।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.01.2025

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं, मानचित्रों का समय से करें निस्तारण

**अपर सचिव ने की जोन एक व दो की समीक्षा**

**वाराणसी।** वीडीए में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की तरफ से जोन-एक एवं जोन-दो की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में श्री शर्मा ने कर्मचारियों से साफ तौर पर कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लंबित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया। जोन-एक के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत 29 दिसम्बर 2024 से 04 जनवरी 2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रु. 2,32,69,967 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रु. 7,36,25,181 जमा कराया गया है एवं जोन-दो, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रु. 5,27,553 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रु. 6,63,23,831 जमा करायी गयी है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जांच एवं बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलंबतम एक सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया गया है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.01.2025

### उंदी ताल के लिए तकनीकी टीम ने दिया प्रजेंटेशन



**वाराणसी।** वीडीए में शुक्रवार को उंदी ताल के पुनरुद्धार के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। इस दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार और तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उंदी ताल को स्वच्छ बनाने और उसके वातावरण को सुंदर एवं हरा-भरा बनाने पर चर्चा की गई। तकनीकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ताल के रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव का विस्तृत प्रजेंटेशन दिया। प्रजेंटेशन में तालाब की सफाई, जल स्तर को बनाए रखने, आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि उंदी ताल के पुनरुद्धार में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग करते हुए ताल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि उंदी ताल के पुनरुद्धार से न केवल क्षेत्रीय पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यहां आसपास के नागरिकों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। जल्द ही योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**ताल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य**

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.01.2025

### 10 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर शुक्रवार को प्रवर्तन टीम ने 10 अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। वीडीए जोन-4 की प्रवर्तन टीम ने नगवां वार्ड के थाना-रोहनिया के अंतर्गत कुरहुआ में मनोज सिंह व अन्य की तरफ से बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा में की गयी अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाया। यह कार्रवाई प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से किया।

### कुंड के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का शिलान्यास

**वाराणसी।** श्री बाबा बड़े गैबीनाथ जी की तापोस्थली में स्थित कुंड के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव की तरफ से किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत रु. 51.66 लाख रुपये है। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य अंबरीश सिंह भोला, सभासद सरद पाण्डेय तथा वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मी और सहायक अभियंता सत्यप्रकाश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## न्यायाधीश–दि0 11.01.2025

### वीडीए द्वारा 10 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 10/01/2024 को जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा कुल 10 बीघे में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड-नगवां, थाना-रोहनिया के अन्तर्गत कुरहुआ में मनोज सिंह व अन्य द्वारा बिना ले-आउट स्वीकृत कराये इलगभग 10 बीघाड़ में की गयी अवैध प्लाटिंग को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा के अंतर्गत आज दिनांक 10/01/2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता आदर्श निराला व प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदे तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति मे प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## न्यायाधीश–दि0 11.01.2025

### उंदी ताल के पुनरुद्धार पर मंथन, तकनीकी टीम ने किया प्रस्तुतीकरण



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार मे आज दिनांक 10 जनवरी 2025 को उंदी ताल के पुनरुद्धार के संदर्भ मे बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महोदय ने किया। इस दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार और तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उंदी ताल को स्वच्छ बनाने और उसके वातावरण को सुंदर एवं हरा-भरा बनाने पर चर्चा की गई। तकनीकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ताल के रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुति में तालाब की सफाई, जल स्तर को बनाए रखने, आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए कई महत्वपूर्ण बिदु रखे गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि उंदी ताल के पुनरुद्धार में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश—दि0 11.01.2025

### अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशो के क्रम मे आज दिनांक 10.01.2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास मे विगत दिनांक 29.12.2024 से 04.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 2,32,69,967.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-7,36,25,181.00 जमा कराया गया है एवं जोन-2, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास मे दिनांक 29.12.2024 से दिनांक 04.01.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-5,27,553.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा करायी गयी है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं वेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री विजय सिंह, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक आदि उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन—दि0 11.01.2025

# बाबा बड़े गैबीनाथ तपोस्थली कुंड के सौन्दर्यीकरण कार्य का हुआ शिलान्यास

### विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव व वीडीए मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला ने किया शिलान्यास

- 51.66 लाख रुपये से वीडीए करा रहा जीर्णोद्धार

परफेक्ट मिशन



वाराणसी। बाबा बड़े गैबीनाथ जी की तपोस्थली में स्थित कुंड के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव व वीडीए के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला द्वारा किया गया। इस कार्य की अनुमानित लागत रू0 51.66 लाख रुपये है जिसे वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा कराया जा रहा है। यह परियोजना क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदाय को एक बेहतर और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर सभासद सरद पाण्डेय, वाराणसी विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता सत्यप्रकाश वर्मा, बाबा बड़ी गैबीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राधेश्याम सेठ, उपाध्यक्ष गोपी यादव, महामंत्री अशोक सेठ, हिन्दू युवा वाहिनी वाराणसी महानगर के नि.महानगर अध्यक्ष अजय सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जगन्नाथ ओझा, मनोज केशरी, पूर्व पार्षद अशोक मिश्रा, चिन्मय चटर्जी, शनि गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव गोलू, नीतीश सिंह रौनक, सनी मौर्य आदि उपस्थित रहे।

इस परियोजना के पूरा होने पर, बाबा बड़े गैबीनाथ तपोस्थली कुंड एक नए और आकर्षक रूप में पुनर्जीवित होगा, जो क्षेत्र के निवासियों और पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण केंद्र बनेगा।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.01.2025

# वीडीए वीसी की मौजूदगी में उंदी ताल के पुनरूद्धार पर मंथन, तकनीकी टीम ने किया प्रस्तुतीकरण




वीडीए वीसी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में उंदी ताल के पुनरुद्धार के बाबत हुई बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**


**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में शुक्रवार को उंदी ताल के पुनरुद्धार के संदर्भ में वीडीए वीसी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।उंदी ताल को स्वच्छ बनाने और उसके वातावरण को सुंदर एवं हरा-भरा बनाने पर चर्चा की गई। तकनीकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ताल के रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुति में तालाब की सफाई, जल स्तर को बनाए रखने, आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे गए।

बैठक में यह भी तय किया गया कि उंदी ताल के पुनरुद्धार में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग करते हुए ताल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि उंदी ताल के पुनरुद्धार से न केवल क्षेत्रीय पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह आसपास के नागरिकों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। जल्द ही योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार और तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 11.01.2025

# असि नदी से कीचड़ हटाने का काम हुआ शुरू

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** असि वर्तमान में जीवित नदी है और जलग्रहण क्षेत्र में वनस्पति एवं जीव जंतु से समृद्ध विकसित बायोडायवर्सिटी विद्यमान है।आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने असि नदी पर अध्ययन के बाद वीडीए अधिकारियों के साथ बैठक में रखा। वीडीए मुख्यालय में बैठक के दौरान असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्रॉइंग, डिजाइन और डीपीआर की तैयारी की प्रगति पर चर्चा हुई और इस पर कार्य भी शुरू हो गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा IIT BHU के सहयोग से शुक्रवार को कंदवा पोखरा से कंचनपुरा पोखरा तक डीसिल्टिंग (कीचड़ हटाने) का कार्य किया गया। इस दौरान वाराणसी नगर निगम और स्थानीय निवासियों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। डीसिल्टिंग कार्य के तहत नदी के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया गया, जिससे जल निकासी की प्रक्रिया बेहतर होगी और नदी की प्राकृतिक धारा को पुनर्जीवित किया जाएगा। आईआईटी बीएचयू के प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रो. बृन्द कुमार ने कहा कि इन तालाबों को संरक्षित रखते हुए असि नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरुद्धार करना आवश्यक है। दरअसल, वाराणसी में अस्सी नदी का उद्गम स्थल शहर से ही कुछ दूर स्थित कंदवा को माना जाता है। यह नदी चितईपुर, करौंदी, कर्माजीतपुर, नेवादा, सराय नंदन, नरिया, साकेत नगर; भदैनी और नगवा होते हुए गंगा में जाकर मिलती है। अस्सी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए पिछले दिनों एनजीटी ने इस पर गंभीरता से विचार कर तत्काल सारे अतिक्रमण को हटाते हुए उसे अपने वास्तविक स्वरूप में लाने के निर्देश दिए थे।

भारत एकता टाइम्स–दि0 11.01.2025

# असि नदी से कीचड़ हटाने का काम शुरू

**कार्य शुरू**

✡ कंदवा से कंचनपुरा पोखरे तक हुई सफाई, आईआईटी बीएचयू और वीडीए मिलकर कर रहे शोध

**भारत एकता टाइम्स/वाराणसी**

असि वर्तमान में जीवित नदी है और जलग्रहण क्षेत्र में वनस्पति एवं जीव जंतु से समृद्ध विकसित बायोडायवर्सिटी विद्यमान है।आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने असि नदी पर अध्ययन के बाद वीडीए अधिकारियों के साथ बैठक में रखा। वीडीए मुख्यालय में बैठक के दौरान असि नदी के पुनरुद्धार के लिए ड्रॉइंग, डिजाइन और डीपीआर की तैयारी की प्रगति पर चर्चा हुई और इस पर कार्य भी शुरू हो गया है। वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आईआईटी के सहयोग से शुक्रवार को कंदवा पोखरा से कंचनपुरा पोखरा तक डीसिल्टिंग (कीचड़ हटाने) का कार्य किया गया। इस दौरान वाराणसी नगर निगम और स्थानीय निवासियों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। डीसिल्टिंग कार्य के तहत



नदी के अवरुद्ध क्षेत्र को साफ किया गया, जिससे जल निकासी की प्रक्रिया बेहतर होगी और नदी की प्राकृतिक धारा को पुनर्जीवित किया जाएगा। आईआईटी बीएचयू के प्रो. प्रभात कुमार सिंह, प्रो. बृन्द कुमार ने कहा कि इन तालाबों को संरक्षित रखते हुए असि नदी के पुनर्जीवन एवं पुनरुद्धार करना आवश्यक है। दरअसल, वाराणसी में अस्सी नदी का उद्गम स्थल शहर से ही कुछ दूर स्थित कंदवा को माना जाता है। यह नदी चितईपुर, करौंदी, कमार्जीतपुर, नेवादा, सराय नंदन, नरिया, साकेत नगर, भदैनी और नगवा होते हुए गंगा में जाकर मिलती है।

## उंदी ताल के पुनरुद्धार पर मंथन तकनीकी टीम ने किया प्रस्तुतीकरण



वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में शुक्रवार को उंदी ताल के पुनरुद्धार के संदर्भ में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने किया। इस दौरान नगर नियोजक प्रभात कुमार और तकनीकी टीम के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में उंदी ताल को स्वच्छ बनाने और उसके वातावरण को सुंदर एवं हरा-भरा बनाने पर चर्चा की गई। तकनीकी टीम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ताल के रिनोवेशन के लिए प्रस्ताव का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुति में तालाब की सफाई, जल स्तर को बनाए रखने, आसपास के सौंदर्यीकरण और पर्यावरण संतुलन के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि उंदी ताल के पुनरुद्धार में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग करते हुए ताल को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। उपाध्यक्ष ने कहा कि उंदी ताल के पुनरुद्धार से न केवल क्षेत्रीय पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह आसपास के नागरिकों के लिए एक सुंदर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। जल्द ही योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।